अमर उजाला 11/03/2026

यूजीसी नेट परीक्षा की तैयारी के सिखाए गए गुर

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के गणित विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा की तैयारी पर आधारित रहा। मुख्य वक्ता सहायक प्रो. सुजाता गोयल ने विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता के लिए संकल्पनात्मक स्पष्टता, मानक पुस्तकों के अध्ययन और प्रभावी समय प्रबंधन का मूल मंत्र दिया।

उन्होंने अंतिम समय की तैयारी के लिए फॉर्मूला शीट और संक्षिप्त नोट्स को अनिवार्य बताया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने विभाग के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों के लिए सही रणनीति आवश्यक है।

इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. पिंकी,डॉ. एसएस नैन और डॉ. एसके पाण्डेय सहित विभाग के अन्य सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन सहायक प्रो. सृष्टि कपूर ने किया। इसमें बीएससी व एमएससी के 53 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संवाद